## एक नजर में

### उत्साह व उमंग के साथ मनाया फाग उत्सव




**शुजालपुर, 25 फरवरी.** अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई का जिला स्तरीय फाग महोत्सव आष्टा रोड स्थित टीटीएल रेस्टोरेंट में उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने सहभागिता करते हुए गुलाल व पुष्पवर्षा के बीच बरसाने की लठमार होली की झलक प्रस्तुत की और पारंपरिक फाग गीतों पर जमकर थिरकीं. कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्रदेश महामंत्री बीना माहेश्वरी, संभाग महामंत्री ग्रीष्मा शाह एवं जिला अध्यक्ष वीणा गोयल ने बताया कि आयोजन में आसपास की शाखाओं से भी महिलाएं शामिल हुईं. नगर अध्यक्ष लता विजयवर्गीय, तहसील अध्यक्ष अंजू सोनी तथा अकोदिया अध्यक्ष अमिता डागा ने उपस्थित महिलाओं का गुलाल लगाकर एवं फूल बरसाकर स्वागत किया. अतिथियों को ठंडाई पिलाकर आगामी होली पर्व की शुभकामनाएं दी गईं. फाग उत्सव में राधा-कृष्ण स्वरूप में लाज खत्री और सरोज गोयल विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं. रंगारंग प्रस्तुतियों और मनोरंजक खेलों के बाद सभी महिलाओं ने सहभोज का आनंद लिया. पूरे आयोजन में उल्लास, सौहार्द और सांस्कृतिक परंपराओं की छटा देखने को मिली. अंत में सभी ने एक-दूसरे को रंगों के इस पावन पर्व की अग्रिम शुभकामनाएं दीं.

### ई स्कूटर अनुदान से श्रमिक के जीवन में आई नई रफ्तार

**शाजापुर, 25 फरवरी.** मध्यप्रदेश शासन के श्रम विभाग अंतर्गत संचालित मप्र भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल की ई स्कूटर अनुदान योजना से पंजीकृत श्रमिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है. इसी क्रम में कालापीपल विकासखंड के ग्राम जबड़ी निवासी पंजीकृत श्रमिक जगजीवन मालवीय को योजना का लाभ प्रदान किया गया. कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने कलेक्टर कार्यालय परिसर में जगजीवन मालवीय को ई स्कूटर की चाबी प्रदान की और उन्हें ई स्कूटर अनुदान योजना के तहत 40 हजार रुपये की अनुदान राशि का ई.भुगतान स्वीकृति प्रत्रक भी प्रदान किया. मालवीय ने बताया कि ई स्कूटर मिलने से अब उन्हें कार्यस्थल तक पहुंचने में सुविधा होगी तथा समय की बचत भी होगी. इससे उनकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी और परिवार की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ बनाने में मदद मिलेगी. जिला श्रम अधिकारी ने जानकारी दी कि श्रम विभाग अंतर्गत मप्र भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत श्रमिकों को उनके कार्य स्थल तक आवागमन के लिए ई.स्कूटर वाहन क्रय करने पर अनुदान राशि प्रदान किए जाने के संबंध में मप्र शासन द्वारा अप्रैल 2024 से श्रम विभाग अंतर्गत ष्भवन एवं अन्य संनिर्माण ई.स्कूटर के लिए ई स्कूटर अनुदान योजना से संचालित की जा रही है. योजनान्तर्गत ई.स्कूटर वाहन क्रय करने पर क्रय मूल्य की 50 फीसद राशि अधिकतम 40000 रूपये मंडल के द्वारा अनुदान के रूप में प्रदाय की जाती है. पात्रता के लिए 05 वर्ष तक सतत रूप से वैध मंडल अंतर्गत पंजीयन कार्ड, श्रमिक के नाम पर ई.स्कूटर एवं पंजीयन दिनांक वाहन क्रय दिनांक के पूर्व का होना अनिवार्य है. कर्मकार मंडल अंतर्गत पंजीकृत श्रमिक एमपी ऑनलाइन के माध्यम से श्रमसेवा पोर्टल पर आवेदन किए जा सकते हैं, विस्तृत जानकारी धोबी चौराहा पर स्थित श्रम पदाधिकारी कार्यालय शाजापुर में कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है.

# नगर में गूंजे संतश्री गाडगे महाराज के जयकारे

## शहर में चल समारोह निकाल संत श्री को अर्पित किए श्रद्धासुमन

**शाजापुर, 25 फरवरी. रजक समाज द्वारा संत श्री गाडगे जी महाराज की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए. इस अवसर पर नगर में संतश्री गाडगे जी महाराज का भव्य चल समारोह भी निकाला गया, जिसका जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया.**

आयोजन की शुरुआत वजीरपुरा स्थित समाज की धर्मशाला से हुई. जहां वरिष्ठ समाजजनों ने संत श्री गाडगे जी महाराज की पूजा-अर्चना की. इसके बाद शहर में चल समारोह निकाला गया, जो नगर के विभिन्न मार्गों से होता हुआ पुनः धर्मशाला पहुंचकर संपन्न हुआ. चल समारोह में बालिकाएं व महिलाएं भी थी, जो जो सिर पर कलश रख शामिल हुई.



चल समारोह का विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया. धर्मशाला पहुंचने पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. यहां संत श्री गाडगे जी महाराज का पूजन व आरती की गई. इसके बाद सहभोज का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजनों ने शामिल होकर प्रसादी ग्रहण की.

### समाज विकास में युवाओं की भूमिका अहम : देवतवाल

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाज के अध्यक्ष सुनील देवतवाल ने कहा कि हमारे वरिष्ठों के मार्गदर्शन और उनके नेतृत्व में समाज का विकास हुआ है. जिसे निरंतर रखना और शिक्षा की दिशा में अग्रसर होना हम सभी की जवाबदारी है. जिसमें युवाओं की अहम भूमिका है. जो न सिर्फ विकास की धारा को निरंतर जारी रखेंगे, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक मिसाल कायम कर सकते हैं. उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि आने वाली पीढ़ियों के लिए अपनी भूमिका का निर्वहन करें.



### स्थानांतरण पर अपर कलेक्टर को दी विदाई दी

**शाजापुर, 25 फरवरी.** अपर कलेक्टर बीएस सोलंकी का स्थानांतरण जिपं सीईओ के पद पर आगर जिले में होने पर कलेक्टर ऋजु बाफना, राजस्व अधिकारियों, कलेक्टर कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारियों ने शाल, श्रीफल पुष्प मालाए स्मृति चिन्ह भेंट कर विदाई दी. इस दौरान अपर कलेक्टर श्री सोलंकी ने अपने कार्यकाल के अनुभव साझा किए. इस मौके पर जिपं सीईओ अनुपमा चौहान, एसडीएम शुजालपुर राजकुमार हलदर व गुलाना आलोक वर्मा, डिप्टी कलेक्टर नेहा गंगारे, डिप्टी कलेक्टर अंकिता पाटकर सहित कलेक्टर कार्यालय के कर्मचारियों ने भी अपर कलेक्टर श्री सोलंकी के उज्जवल भविष्य की कमाना की.

# नई नीति का बस मालिकों ने किया विरोध, कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर सौंपा ज्ञापन

## मांगे न मानने पर दी अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी

**शाजापुर, 25 फरवरी. बस मालिकों ने स्टेज केरिज बसों के संचालन के लिए लागू की जा रही नई नीति का विरोध किया है, इसे लेकर बस मालिकों ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है, जिसमें मांगे पूरी न होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी भी दी है.**

बस संचालकों ने स्टेज कैरिज बसों के संचालन के लिए लागू की जा रही नई नीति को दमनकारी बताया. ज्ञापन शाजापुर में पदस्थ अधिकारी अनामिका आर्य को सौंपा गया. इस दौरान बस मालिकों ने अपनी आपत्तियां दर्ज कराते हुए नीति को वापस लेने की मांग की है. ज्ञापन में शाजापुर बस मालिक समूह यात्री कल्याण समिति, बस स्टैंड शाजापुर की ओर से उल्लेख किया गया कि 22 फरवरी को सागर में प्रदेशभर के बस मालिकों और संगठनों के पदाधिकारियों की बैठक हुई थी.

बैठक में नई नीति पर चर्चा की गई और इसे बस संचालकों के हितों के खिलाफ बताया गया.बस मालिकों का कहना है कि नई व्यवस्था से छोटे और मध्यम स्तर के



संचालकों पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा. समिति ने 24 दिसंबर 2025 को राजपत्र में प्रकाशित संशोधन प्रारूप को वापस लेने की मांग की है. साथ ही 29 जनवरी 2026 को किए गए संशोधन को पूरी तरह निरस्त करने की अपील की है. बस मालिकों ने वर्तमान में चल रही बस संचालन व्यवस्था को यथावत रखने की मांग की है. बस मालिकों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो 2 मार्च 2026 से प्रदेशभर में अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की जाएगी. उनका कहना है कि इस मुद्दे पर कई बार अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला. बस संचालकों ने कहा कि यदि हड़ताल होती है तो यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए शासन जिम्मेदार होगा.

# आजाद चौक में युवक कांग्रेस ने अर्धनग्न होकर किया प्रदर्शन

## राष्ट्रीय अध्यक्ष की गिरफ्तारी का विरोध, केंद्र सरकार को घेरा

**शाजापुर, 25 फरवरी. बुधवार शाम को युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अर्धनग्न होकर आजाद चौक में केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. यह प्रदर्शन युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब की गिरफ्तारी के विरोध में किया गया.**

युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष जयंत सिकरवार ने आरोप लगाया कि दिल्ली में आयोजित एआई समिट के दौरान शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे युवा कांग्रेस नेताओं को असंवैधानिक तरीके से कार्यालय से उठाकर गिरफ्तार किया गया और जेल भेज दिया गया. उन्होंने इस कार्रवाई को केंद्र सरकार का तानाशाही रवैया बताया. प्रदर्शनकारियों का कहना था कि नीतियों का विरोध करना एक लोकतांत्रिक अधिकार है. उनका मानना है कि एआई समिट और सरकार की नीतियों पर सवाल उठाना देश विरोधी नहीं माना जाना चाहिए. युवा कांग्रेस ने प्रशासन से राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित सभी गिरफ्तार नेताओं को शीघ्र रिहा करने की मांग की है.

**पोस्टर लेकर सड़क पर बैठे कार्यकर्ता**

विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस



कार्यकर्ता हाथों में पोस्टर लेकर बीच सड़क पर बैठ गए और जमकर नारेबाजी की. उन्होंने शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगों को रखा. प्रदर्शनकारियों ने माहौल को प्रतीकात्मक बनाने के लिए रघुपति राघव राजा राम... जैसे भजन भी गाए. कार्यकर्ताओं ने दोहराया कि उनका आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण है और वे लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात सरकार तक पहुंचाना चाहते हैं.

**आजाद चौक में बल तैनात**

युवक कांग्रेस का यह प्रदर्शन आजाद चौक में हुआ, जिसके चलते बड़ी संख्या में यहां युवक कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता इकट्ठा हुए. इस विरोध प्रदर्शन के कारण कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित हुआ. स्थिति को देखते हुए आजाद चौक में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था.

### पड़ोसी पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप, धमकी भी दी

**शाजापुर, 25 फरवरी.** मोहन बड़ोदिया थाना क्षेत्र में एक महिला से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है. पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने गांव के ही एक व्यक्ति के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. थाना प्रभारी भीमसिंह पटेल ने बताया कि पीड़िता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है. महिला के अनुसार घटना मंगलवार सुबह करीब 7 बजे की है. वह अपने घर के पीछे राड़ी जंगल की ओर गई थी. वापस लौटते समय गांव का निवासी होकमसिंह पिता हिन्दु सिंह वहां आ गया. आरोपी ने महिला का हाथ बुरी नीयत से पकड़ लिया. जब महिला ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ झूमाझटकी की.

# वेतन रोकने, अर्थदंड और निलंबन के विरोध में आंदोलन



**मप्र पटवारी संघ के प्रांतीय आह्वान पर जिले के पटवारी संघ ने सौंपा ज्ञापन**

**शुजालपुर, 25 फरवरी. मध्यप्रदेश पटवारी संघ के प्रांतीय आव्हान पर अनुपपुर जिले के पटवारियों ने वेतन रोके जाने, अर्थदंड अधिरोपित करने और निलंबन की कार्रवाई को लेकर शाजापुर जिले के पटवारियों ने भी मोर्चा खोल दिया है. पटवारी संघ की शाजापुर जिला इकाई ने क्षेत्र की विभिन्न तहसीलों में ज्ञापन सौंपा.**

जिसमें कहा कि अनुपपुर में अप्रैल 2025 से जनवरी 2026 के बीच कई बार पटवारियों का वेतन माह की अंतिम तिथि पर आगामी आदेश तक रोका गया. बताया गया कि अप्रैल 2025 में तहसील जैतहरी के पटवारियों का वेतन रोका गया. इसके बाद जुलाई, अगस्त, सितंबर 2025 तथा 30 जनवरी 2026 को भी वेतन रोके जाने की कार्रवाई की गई. संघ का आरोप है कि लगभग आठ माह से वेतन रोकने की एकपक्षीय कार्रवाई से कर्मचारियों और उनके परिवारों को आर्थिक व मानसिक प्रताड़ना का सामना करना पड़ा, जबकि इसी अवधि में दीपावली और दशहरा जैसे प्रमुख त्योहार भी रहे.

**बिना अपील लगाए अर्थदंड का आरोप...**

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि अप्रैल 2025 से जनवरी 2026 के दौरान 38 पटवारियों पर कुल 2 लाख 64 हजार 625 रुपए का अर्थदंड अधिरोपित किया गया. संघ का कहना है कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010 के तहत पटवारी पदाविहित अधिकारी नहीं है, इसके बावजूद बिना आवेदक की अपील के दंडात्मक कार्रवाई की गई, जो विधि विरुद्ध है. संघ ने उक्त अर्थदंड निरस्त करने की मांग की है.

### 30 पटवारी निलंबित, 9 अब भी बहाली से वंचित

संघ के अनुसार उक्त अवधि में लगभग 30 पटवारियों को बिना नोटिस निलंबित किया गया, जिनमें से 9 पटवारी अब भी निलंबित हैं. सभी निलंबित कर्मचारियों की तत्काल बहाली की मांग की गई है. संघ ने चेतावनी दी है कि यदि मांगों का शीघ्र निराकरण नहीं किया गया तो 25 व 26 फरवरी 2026 को प्रदेशभर के पटवारी सामूहिक अवकाश पर रहेंगे. इस दौरान सभी जिलाध्यक्ष अनूपपुर कलेक्ट्रेट का घेराव कर सकते हैं. मांगें पूरी नहीं होने पर 27 फरवरी से चरणबद्ध आंदोलन प्रारंभ किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन अनूपपुर की होगी. पटवारी संघ ने उम्मीद जताई है कि जिला प्रशासन समस्याओं का समाधान कर आवश्यक आदेश जारी करेगा, ताकि प्रदेशव्यापी आंदोलन की नौबत न आए.

# जनगणना-2027 के संबंध में अधिकारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**शाजापुर, 25 फरवरी. कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना की अध्यक्षता में जनगणना 2027 का जिला एवं चार्ज स्तर के अधिकारियों के लिए द्वितीय दिवस जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन सम्पन्न हुआ.**

कलेक्टर सुश्री बाफना ने प्रशिक्षण के दौरान सभी चार्ज अधिकारियों को रूपरेखा बनाकर समयसीमा में जनगणना का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए. साथ ही उन्होंने निर्देश दिये कि प्रशिक्षण में बताए गए कार्यों एवं अनुदेश पुस्तिका के अनुसार जनगणना 2027 का कार्य समय सीमा में संपन्न कराएं. उक्त प्रशिक्षण जनगणना निदेशालय मध्य प्रदेश भोपाल से उपनिदेशक व उज्जैन संभाग जनगणना प्रभारी राजेश मोरिया एवं जिला जनगणना प्रभारी शाजापुर मिलेन्द्र देशपांडेय द्वारा दिया गया. उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान अधिकारी एवं कर्मचारियों को भारत की जनगणना 2027 के तहत किए जाने वाले कार्यों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी. साथ ही जनगणना 2027 अंतर्गत मुख्य बिन्दुओं जैसे जनगणना प्रक्रिया, ग्राम, नगर रजिस्टर, चार्ज रजिस्टर, एचएलवी लेआउट तैयार करना, गोपनीयता सुरक्षा निराकरण, स्वगणना वेब पोर्टल, स्वगणना सत्यापन, उक्त कार्य के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानियां सहित अन्य तथ्यों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी.

# होली के प्राकृतिक रंगों के निर्माण के लिए कार्यशाला आयोजित

## बीकेएसएन कॉलेज में एड ऑन कोर्स का समापन

**शाजापुर, 25 फरवरी. प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, बीकेएसएन गवर्नमेंट कॉलेज शाजापुर में अंग्रेजी विभाग द्वारा संचालित एड ऑन कोर्स के समापन पर सॉफ्ट स्किल्स एंड पर्सनालिटी डेवलपमेंट विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया.**

अध्यक्षता प्रो. मीनू गिडवानी विभागाध्यक्ष अंग्रेजी ने की. व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. आयुषी राव नेहे शासकीय महाविद्यालय बेटमा उपस्थित रही. प्रो. नेहे ने उपस्थिति विद्यार्थियों को व्यक्तित्व विकास तथा संप्रेषण कला




के महत्व के बारे में अवगत कराया. चूंकि प्रो. आयुषी राव नेहे महाविद्यालय की पूर्व छात्रा रही हैं. लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में सहायक प्राध्यापक के रूप में चयनित होने पर उनका सम्मान अंग्रेजी विभाग द्वारा किया गया. साथ ही इस अवसर पर प्राकृतिक रंगों का निर्माण विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया. जिसमें श्रीमती बिन्दू ठोमरे ने विद्यार्थियों को होली पर्व पर प्रयुक्त होने वाले रसायनिक रंगों का त्वचा पर होने वाले दुष्प्रभाव तथा प्राकृतिक रंगों के निर्माण हेतु प्रशिक्षण दिया. इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. एसके तिवारी ने मिशन लाइफ शपथ दिलवाई. संचालन दिशा तिवारी ने किया. आभार डॉ. डीआर राठौर ने माना. इको क्लब प्रभारी डॉ. आरसी चौहान, डॉ. अरुण कुमार बोड़ाने, डॉ. बीके सोलंकी, डॉ. दिनेश निंगवाल, डॉ. निलेश महाजन, डॉ. बीएल मालवीय, डॉ. श्वेता चौहान, डॉ. रानी सोनी, डॉ. सीता बोरासी, डॉ. गजराजसिंह राठौर, डॉ. टीएल चौहान, डॉ. उत्तम उपाध्याय, डॉ. शिवराजसिंह राठौर आदि उपस्थित थे.

## एक नजर में

### इंदौर कोटा रोड को जोड़ने वाले बायपास मार्ग के बनने से क्षेत्रवासियों को मिली सौगात

# बायपास सड़क निर्माण का काम हुआ पूरा, जाम लगने की समस्या से निजात

**सोयतकलां, 25 फरवरी. सोयत नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रवासियों के लिए मंगलवार को राहत भरी खबर आई है. नगर के कब्रिस्तान से पुलिस थाने इंदौर कोटा रोड को जोड़ने वाला बायपास मार्ग सड़क निर्माण कार्य मंगलवार को पूरा हो गया. ये बायपास न सिर्फ यात्रियों का समय बचाएगा, बल्कि नगर में लगने वाले जाम की पुरानी समस्या से भी छुटकारा दिलाएगा. यह मार्ग नगर परिषद द्वारा 47.47 लाख रुपये की लागत से तैयार करवाया है.**



बायपास आवागमन को बेहद आसान माना जा रहा है. पहले देवली रावली छोटी सोयत के ग्रामीणों को नगर के बीच माधव चौक से होकर गुजरना पड़ता था लेकिन अब इन ग्रामीणों को कब्रिस्तान से सीधे इंदौर कोटा रोड होकर गुजरना पड़ेगा. जिससे वाहन चालकों को भी लंबा चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा, नगर परिषद अध्यक्ष पुत्र पुष्करराज सिंह जादौन ने जानकारी देते हुए बताया मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना अंतर्गत कब्रिस्तान से इंदौर कोटा रोड पुलिस थाना तक बीटी रोड निर्माण कार्य मंगलवार को पूरा हो गया.

### सुरक्षित और सुगम यातायात सुनिश्चित होगा

बायपास का मुख्य उद्देश्य नगर में प्रतिदिन लगने वाले जाम से छुटकारा पाना है. साथ ही सुरक्षित और सुगम यातायात सुनिश्चित करना है. देवली रावली छोटी सोयत अमानपुरा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से आवागमन करने वाले यात्रि बसों, ट्रक स्कूली बसो को आने-जाने मे अब सोयत नगर के भीतरी ट्रैफिक से नहीं गुजरना पड़ेगा. यह बायपास उन्हें सीधा रास्ता देगा. साथ लाखाबीर बालाजी मंदिर माचलपुर रोड से खेडी को जोड़ने वाला मार्ग का काम भी प्रगति पर है.